तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 भारतीय बास्केटबॉल की विजेता टीम शामिल दिव्या का हुआ सम्मान





14 दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में ठाकरीपाली ने मारी बाजी




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## बारिश का कहर : बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान का असर, 24 से अधिक बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# कई जगहों में जलभराव, नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीती रात से लगातार हो रही बारिश से जिले भर में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के मौसम से भी अधिक बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए और शहर सहित जिले के कई गांवों और शहरों में निचली बस्तियों में बारिश का पानी घुस जाने की खबर है। शहर में भी सड़कों में बह निकले पानी और जगह-जगह जल भराव की स्थित के चलते लोग खासे परेशान रहे। बारिश के चलते लोग घरों में ही दुबके रहे

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल, उत्तर ओडिशा और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र सक्रिय है।

इसके प्रभाव से ऊपरी हवा में चक्री परिसंचरण बना हुआ है, जो अगले 24 घंटों में कमजोर होगा। इस सिस्टम से जुड़ी द्रोणिकाएं छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही हैं, जिसके चलते अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। जिले के कई हिस्सों में मंगलवार देर रात से झमाझम बारिश का दौर जारी है।

### नया सिस्टम आज से

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आज उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। यह सिस्टम धीरे-धीरे प्रबल होकर अवदाब में बदल सकता है और 27 सितंबर तक दक्षिण ओडिशा-उत्तर आंध्र तट के पास पहुंच सकता है। इसके असर से 26 सितंबर से जिले में भारी से अति भारी वर्षा होने की आशंका है।



### किसानों के लिए राहत की बारिश

बदले मौसम के मिजाज इस बार किसानों के लिए राहत देने वाली है। दरअसल खरीफ फसलों के लिए अभी पर्याप्त पानी की जरूरत है। ऐसे में हो रही बारिश से किसानों को राहत मिलेगी। बता दें कि इन दिनों धान की फसल गर्भ अवस्था में है और कई जगह दाने भरने की स्थिति में भी पहुंच चुकी है। दानों को पकने के लिए अंतिम दिनों में पानी की और जरूरत पड़ेगी। ऐसे में इन दिनों में होने वाली वर्षा फसलों के लिए लाभकारी साबित होगी। फिलहाल ज्यादा बारिश फसलों को नुकसान भी पहुंचा सकता है।

### यह बयां कर रहे बारिश के आंकड़े

जिले में भारी बारिश, गरज-चमक और तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से अब तक 842.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 119.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 93.2 मिलीमीटर, सरायपाली में 88.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 65.1 मिलीमीटर, बागबाहरा में 65.0 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 39.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### कौंदकेरा नाला का जल स्तर बढ़ा, ग्रामीणों ने बाइक चालक को बहने से बचाया

तेज गर्जना के साथ हुई झमाझम बारिश से खेत खलिहान समेत नदी नालों का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। महासमुंद से तुमगांव मार्ग पर ग्राम कौंदकेरा नाला का जलस्तर बढ़ने से दिनभर आवागमन बाधित रहा। बुधवार सुबह से ही पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। देखते ही देखते जलस्तर लगातार बढ़ता गया। तुमगांव से महासमुंद की ओर आ रहे ग्राम अछोली का एक व्यक्ति इसी पुल से गुजरने का प्रयास किया। किंतु, पानी का तेज बहाव होने के कारण बाइक समेत वह कुछ दूर बह गया, जिसे वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला। वहीं घंटों मशक्कत के बाद उसकी मोटर साइकिल को भी ग्रामीणों ने बाहर निकाला। पुल के ऊपर करीब 2-3 फीट पानी होने के बावजूद खतरा मोल लेते हुए लोग पार करते रहे।

### बिजली व्यवस्था चरमराई पेयजल की समस्या

तेज गर्जना और बारिश के चलते क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। ग्राम बेमचा, परसदा, कौंदकेरा, बनसिवनी, सोरित समेत क्षेत्र के अनेक गांवों में विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही। इसके चलते गांवों में पेयजल की समस्या खड़ी हो गई। कुछ गांवों में दोपहर बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हुई। तो कुछ गांवों में अभी भी ब्लेक आउट की स्थिति है। बिजली नहीं होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े हुए हैं।

### क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर किसानों और आम जनता को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

आसपास के क्षेत्रों में बीती रात से हो रही लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। अमोरा गांव के पास मार्ग पर पानीः झलप-रायतुम मुख्य मार्ग पर स्थित अमोरा गांव के पास नाले में भारी मात्रा में पानी आने से सड़क के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे बाइक सवारों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

**किसानों के चेहरे पर खुशीः** यह बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इस बारिश के बाद उन्हें अपने खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा। किसान इस बारिश से बहुत खुश हैं क्योंकि इससे उनकी फसल को फायदा होगा।

**बीमारियों से भी बचावः** बारिश के बाद उमस और गर्मी कम होने से मौसमी बीमारियों से भी लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, यह बारिश जहां एक ओर कुछ कठिनाइयां लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर इसने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है और किसानों के लिए एक अच्छी खबर लाई है।



## खबर संक्षेप

### डंपर पलटने से एक घायल

**महासमुंद।** डंपर पलटने से उसमें बैठा एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र के अंतरला मोड़ के पास का है। पुलिस को प्रार्थी अर्जुन निवासी ग्राम डुमरपाली थाना बसना ने बताया कि उसका भतीजा अजीत डडसेना पिता कुंजलाल डडसेना (20 साल) ग्राम डूमरपाली थाना बसना डंपर क्रमांक सीजी 04 जेसी 8648 में करीब 01 माह से हेल्पर का काम करता था। 14 सितंबर को उक्त वाहन में वह चालक अरूण जगत के साथ ओडिशा गया था। शाम करीब 6 बजे डंपर में वापस आ रहा था, तभी ग्राम अंतरला मोड़ के पास तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाने से डंपर पलट गया। जिससे उसके भतीजे अजीत को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## कम वेतन के कारण प्लेसमेंट कैंप में बेरोजगार नहीं ले रहे रुचि, चयनित होने के बाद छोड़ रहे नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में युवाओं की बेरोजगारी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले चार सालों में 59 हजार 543 युवाओं ने जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया। लेकिन, नौकरी मिलने की दर बेहद कम रही। हर तीन महीने में रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र की ओर से निजी कंपनियों के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाते हैं।

कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करती हैं। लेकिन स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर न होने और वेतन कम होने के कारण अधिकतर युवा नौकरी ज्वाइन करने से परहेज कर रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी का कहना है कि हर तीन महीने में नियमित रूप से प्लेसमेंट कैंप आयोजित होता है, लेकिन अधिकतर रोजगार दूसरे जिलों में मिलते हैं। वहां वेतन 8 से 13 हजार रुपए तक रहता है। बाहर रहने का खर्च अधिक होने से युवा नौकरी ज्वाइन करने से बचते हैं। यही कारण है अब प्लेसमेंट कैंप में कम संख्या में युवा पहुंच रहे हैं।

निजी कंपनियों के प्रतिनिधि प्लेसमेंट कैंप में तो पहुंचते हैं। लेकिन युवाओं की संख्या लगातार घट रही है। वेतन कम होने और काम जिले से बाहर मिलने के कारण अब युवा इंटरव्यू देने भी नहीं आ रहे। यही वजह है कि कई बार पूरा दिन कंपनियों के प्रतिनिधि खाली बैठे रहते हैं।



जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार चार सालों में कुल 30 प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों में 5347 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसमें से 2849 युवाओं ने आवेदन किया। लेकिन केवल 115 युवाओं का चयन हो पाया। इनमें अधिकांश ने कुछ समय बाद नौकरी छोड़ दी।

### कम वेतन की वजह से नौकरी छोड़ रहे युवक

निजी कंपनियां युवाओं से 8 से 12 घंटे काम लेती हैं। लेकिन वेतन महज 8 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह देती हैं। बाहर रहने पर भोजन, मकान किराया और अन्य खर्च मिलाकर आठ हजार से अधिक खर्च आ जाता है। ऐसे में युवाओं के पास बचत नहीं हो पाती। यही वजह है कि चयनित होने के बावजूद वे नौकरी छोडक़र वापस लौट आते हैं। पुनीत ने बीएससी की पढ़ाई की है। वे बताते हैं कि सुपरवाइजर पद के लिए आवेदन किया था, लेकिन 12 हजार वेतन में गुजारा मुश्किल था।

### मोबाईल एप से हो रहा रोजगार पंजीयन

युवाओं को सुविधा देने के लिए विभाग ने नई व्यवस्था भी शुरू की है। अब रोजगार कार्यालय में कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं है। विभाग के मोबाइल एप के माध्यम से युवा घर बैठे ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इससे समय और आवागमन का खर्च दोनों बचेंगे।

### शराब बेच रही महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बंसुला में शराब की अवैध बिक्री कर रही एक महिला के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी सूर्यकांति मिर्धा पति अशोक मिर्धा (42 साल) बंसुला के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। मामले में महिला के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।






## पालिका में संबंधित दस्तावेजों का ऑनलाईन अवलोकन भी अब कर पाएंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पालिका अब डिजीटल होने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिससे नागरिक अपनी आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन ऑनलाइन कर सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इसके लिए पहल करते हुए पालिका के समस्त विभागों के दस्तावेजों का ऑनलाईन कर ई-डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराने के लिए ई-ऑफिस तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही नपाध्यक्ष साहू ने राजस्व विभाग, जल विभाग तथा मिशन क्लीन सिटी के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया।




साहू ने विभाग प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगरवासियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हम प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी निष्ठा से नगर वासियों के मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रख रहे हैं। यह सुविधाएं नगरजनों को मिलती रहे, इसके लिए समस्त करों का भुगतान भी आवश्यक है। चूंकि, नागरिकों को जो मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है वह कर्मचारियों के कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। और उन कर्मचारियों का वेतन नागरिकों द्वारा किए गए टैक्स भुगतान से मिलता है। ऐसे में नगरजनों का दायित्व है कि वे सभी करों का भुगतान समय पर करें। और इसके लिए कर्मचारियों को वार्डों में भेजकर हम अपील भी कर रहे हैं। अब वार्डों में टैक्स वसूली हेतु जाने वाले कर्मचारियों को कर वसूली के लिए एक लक्ष्य देकर वसूली में तेजी लाने के निर्देश पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों को दिए। नगर पालिका अध्यक्ष ने सख्त रुख अपनाते हुए कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बार बार अपील, निवेदन के बाद भी जो लोग करों का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनकी संपत्ति, मकान कुर्की करने की कार्रवाई करें तथा कानून सम्मत कार्रवाई करने की प्रक्रिया भी तेज करें। समीक्षा बैठक में सीएमओ अशोक सलामे सहित समस्त विभाग प्रभारी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सामग्री मूलक योजनाओं के लंबित दस्तावेज जल्द पूर्ण कर लें लाभ

**महासमुंद।** श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न सामग्री मूलक योजनाओं में हितग्राहियों के अधूरे आवेदन लंबित हैं। विभाग ने जानकारी दी कि जुलाई 2025 में मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री सुरक्षा उपकरण योजना के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में आवश्यक दस्तावेज की कमी पाए जाने पर उन्हें अपूर्ण स्थिति में वापस कर सुधार के लिए भेजा गया था।विभाग ने बताया कि आवेदनों की अपूर्णता की सूचना विभागीय वेबसाइट एवं हितग्राहियों के श्रमिक पंजीयन कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद निर्धारित 15 दिनों में दस्तावेज पूरे नहीं किए गए हैं, जिससे योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। योजनाओं के अंतर्गत अब तक जिन आवेदनों को दस्तावेज के अभाव में वापस किया गया है, इनमें मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के 5,326 आवेदन, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के 293 आवेदन, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के 11,142 आवेदन एवं मुख्यमंत्री सुरक्षा उपकरण योजना के 3,250 आवेदन शामिल हैं। श्रम विभाग ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे विभागीय पोर्टल https://shramevjayate.cg.gov.in पर लॉगिन कर अथवा अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र, जिला श्रम कार्यालय एवं जनपद पंचायत अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्र में दस्तावेज संलग्न करें।

# कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन और कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा एवं प्राची गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी गई। इस समारोह में सहायक प्राध्यापक हेमलता पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं सिद्धांतों को बहुत ही सारगर्भित तरीके से बताया और प्रत्येक स्वयंसेवक को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में पर अपनाने हेतु जोर दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिक्षा के साथ समाज और समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। जो स्वयंसेवक स्वामी विवेकानंद जी को अपना आदर्श मानकर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण करता है तो निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। अपने जीवन में विवेकपूर्ण ज्ञान का आनंद को प्राप्त करना ही स्वामी विवेकानंद के जैसा बनना है। मानव सेवा से ही ईश्वर सेवा की प्राप्ति की जा सकती है। दीन दुखी दलित असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को सेवा के माध्यम से उनके जीवन में एक नई आशा का किरण लाने का काम यदि एक स्वयं सेवक करता है तो निश्चित रूप से स्वामी विवेकानंद के आदर्श और सिद्धांत साकार



होने लगता है। आज हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है, जो समाज में समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देता है।

सामाजिक समरसता राष्ट्रवाद का उदय और अपने संस्कृति के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने से देश की एकता और अखंडता मजबूत होता है। हेमलता पटेल ने भी स्वयंसेवकों को अच्छे संस्कार प्राप्त करने के लिए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपने पर बल दिया, स्वामी विवेकानंद के जैसा तेज, ओज और ज्ञान के परंपरा के माध्यम से भारतीय की पहचान को स्थापित करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद की आदर्श को अपनाकर एक सच्चा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं पर आदर्श प्रतीक पुरुष के रूप में मान्य किया और महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों यू के बरिहा ने दोनों इकाई के पदाधिकारियों को पद एवं शपथ ग्रहण कराया गया, जो स्वामी विवेकानंद के आदर्श अपने जीवन में उतारकर जनचेतना के माध्यम से समाज में जागरूकता अभियान चलाने के लिए अपील की। सामान्य इकाई के दलनायक डिग्रीलाल मिरी, उप दलनायक पंकज पटेल, शिविर संगठक युगल किशोर पटेल, सांस्कृतिक सचिव होरीलाल खूंटे, स्वच्छता प्रभारी दिनेश मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी तोषवंत मेहर, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रेम सुंदर पटेल और कैंपस अंबेडकर के रूप में हेमंत साहू को नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई के दलनायक पार्वती रात्रे, उपदल नायक राजेश्वरी स्वाई, शिविर संगठक जयंती साहू, सांस्कृतिक सचिव शारदा चौरसिया, स्वच्छता प्रभारी नीलिमा धवल, मीडिया प्रभारी पुष्पांजलि पटेल, वरिष्ठ स्वयंसेवक राजेश्वरी बारिक और कैंपस अंबेडकर के रूप में पद्मावती महापात्र को मनोनीत किया गया। सारे पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन दल नायक पार्वती रात्रे और आभार प्रदर्शन सामान्य इकाई के दलनायक डिग्री लाल मिरी ने किया।

# जयंती पर चंद्रनाहू शिक्षण समिति ने किया पुरुषोत्तम कौशिक का स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं छत्तीसगढ़ चंद्रनाहूं शिक्षण समिति के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम लाल कौशिक की जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शिक्षण समिति परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए समाज व देश हित के कार्यों का स्मरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से छग बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, वरिष्ठ समाजवादी नेता दाऊलाल चंद्राकर, चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, पूर्व सचिव द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, संचालक तारिणी चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, जनपद सदस्य संगीता चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, गिरजाशंकर चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, धर्मेंद्र चंद्राकर आदि नागरिकों सहित संस्था के शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।



श्री कौशिक का स्मरण करते हुए उपस्थितजनों ने कहा कि पुरुषोत्तम कौशिक की जीवन की दो प्रमुख प्राथमिकताएं रही। पहली किसान, किसानी और गांव की आवाज बुलंद करना तथा दूसरी समाजवादी आंदोलन को मजबूत बनाना। वे चाहे विधायक रहे हो या सांसद या केंद्रीय मंत्री, उनकी प्राथमिकताएं कभी नहीं बदली। जिस समाजवादी विचार के साथ वे सार्वजनिक जीवन में आए थे, उसी विचार को उन्होंने जीया। आम तौर पर जो एक बार सांसद बन जाता है, केंद्रीय मंत्री बन जाता है, वह केंद्रीय राजनीति नहीं छोड़ता, लेकिन कौशिक ने कभी दिल्ली से मोह नहीं पाला। उन्हें छत्तीसगढ़िया होने पर गर्व था। उनकी जीवन शैली छत्तीसगढ़िया संस्कृति में रची बसी रही। जो परिवर्तन की राजनीति करना चाहते हैं उन्हें पुरुषोत्तम कौशिक का जीवन सदा प्रेरणा देता रहेगा। लोभ, लालच सत्ता की धमक और चमक से प्रभावित हुए बिना, बिना कोई सैद्धांतिक समझौते के उन्होंने जीवन जीकर सादा जीवन उच्च विचार का परिचय दिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 23 सितंबर को महिला स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की सहभागिता रही। जहां पर 85 महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति जिला पंचायत महासमुंद स्वास्थ्य विभाग कुमारी भास्कर उपस्थिति रही, जिन्होंने अपना खुद का स्वास्थ्य जांच की पश्चात उद्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन स्वास्थ्य विभाग का नींव है, जिनके कंधे पर ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आप सभी आम जनता की दुख सुख के सहभागी होती हैं एवं शासन के समस्त योजनाओं को घर-घर पहुंचने में आप लोगों की महती भूमिका होती है। परंतु, लोगों की सेवा करने वाले भी स्वस्थ रहे, इसलिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन इत्यादि का निःशुल्क जांच किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग से हेमचंद मांझी एड्स काउंसिलर द्वारा सघन एड्स कंट्रोल कैंपेन के तहत एड्स बीमारी के लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी गई। सभी को एड्स से बचाव के बारे में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, घनश्याम साहू, ब्रम्हप्रकाश कर व समस्त सीएचसी स्टाफ का योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।



# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

## स्कूल, छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली भोजन गुणवत्तापूर्ण हो, सफाई का रखे विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार की शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लाक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर लंगेह ने 02 अक्टूबर तक चलने वाले रजंत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के आयोजन तथा आदिकर्मयोगी अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विविध गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि अभियान की महत्ता को ध्यान में रखते हुए सभी गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा करते हुए अब ग्राम एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं, जो पूरी तरह सहभागी नियोजन के आधार पर बने। कलेक्टर ने आगामी त्यौहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा




कि संवेदनशील क्षेत्रों की सतत मॉनिटरिंग और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग को सभी मिठाई दुकानों में मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को पूर्ण करने एवं विभिन्न प्राधिकरण अंतर्गत अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक पंजीयन करने कहा है। उन्होंने बताया कि अब पंजीयन की तिथि 01 अक्टूबर कर दी गई है। सभी विधानसभा में कम से कम 10-10 हजार प्रतिभागियों का पंजीयन हो। जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जो शिक्षक अभी तक स्कूलों में ज्वाइन नहीं किए है उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं। साथ ही कहा कि स्कूलों और अन्य संस्थानों में पकने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखें तथा छात्रों को खिलाने से पहले अवश्य चखें। इसी तरह साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा में डिजिटल क्राप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं मैन्युअल गिरदावरी के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर सर्वे प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। किसान पंजीयन के लिए शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल संबंधी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शेष आवासों को पूर्ण करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवास का कार्य प्रतिदिन प्रगतिरत रहें। कलेक्टर ने जनमन की समीक्षा में पूर्ण सिच्युएशन के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## निधन

### सत्या बाई यादव



**महासमुंद।** शहर के क्लबपारा वार्ड नंबर 26 निवासी सत्या बाई यादव पति जगमोहन यादव (70) का बुधवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम अछोला में किया गया। वे मिलाप यादव, मुरली यादव, भवानी यादव, संतोष यादव की माता थीं।

# जनपद क्षेत्र में आफत बनी बारिश, हुलसी ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिछले 24 घंटों से जारी मूसलाधार

- हुलसी ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र में घुसा पानी, तुरंत निकासी के निर्देश

बारिश ने महासमुंद जनपद के कई हिस्सों में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जलभराव और घरों में पानी घुसने जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने खुद मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी परेशानियां सुनीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, ₹जन मेरा परिवार है, और उनके सुख-दुख में मैं उनके साथ खड़ी हूं।₹ उन्होंने इस आपदा की घड़ी में लोगों को अकेला न छोड़ने का आश्वासन दिया।



दौरे के दौरान चंद्राकर बेलसोंडा के स्टेशन पारा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र 2 भी पहुंची, जहां बारिश का पानी भर गया था। उन्होंने पाया कि भवन की हालत बेहद खराब (जर्जर) है, जिसके कारण यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। उन्होंने तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। भवन की खस्ता हालत पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में संबंधित विभाग से जल्द ही बात की जाएगी। ताकि, इसका स्थायी समाधान निकाला जा सके। इस दौरान उनके साथ ग्राम पंचायत बेलसोंडा के उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, पंच सूर्या चंद्राकर और युवा हिमांशु परमार, जितेंद्र चंद्राकर सहित कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पार्षद निधि से लाइट खरीदने की अनुमति से अब वार्डों में अंधेरा छटेगा: देवीचंद

**महासमुंद।** नगरीय निकाय क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए निधि से 25 प्रतिशत तक स्ट्रीट लाइट खरीदी जा सकेगी। छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने विभागीय समीक्षा बैठक में निर्णय लिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल में अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से लाइट खरीदने पर रोक लगा दी गई थी, जिसे भाजपा की सरकार ने पुनः लाइट खरीदने की अनुमति दी है, जिससे शहर को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में बड़ी राहत होगी।



राठी ने सभी पार्षदों से अनुरोध किया है कि पार्षद निधि से स्ट्रीट लाइट खरीदने के लिए शीघ्र नगर पालिका को पत्र लिखे, जिससे नगर पालिका शीघ्र लाइट खरीद कर वार्डों के विद्युत पोलों में लगाने का काम चालू कर सके। इस संबंध में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भेंटकर कहा कि सभी पार्षदों को सूचना दिया जाए कि छग शासन में वर्ष 2025 की पूरी पार्षद निधि भेज दी है तथा वार्ड के छोटे-छोटे काम जो रूके हुए है, पार्षद से अनुमति लेकर मूलभूत कार्यों को शीघ्र पूरा करें। दीवावली त्यौहार के पहले शहर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाना सुनिश्चत करें।

### चिरको महाविद्यालय में मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा की अध्यक्षता एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया। एमएस वर्मा ने एनएसएस की स्थापना, नियमित गतिविधि, विशेष शिविर गतिविधि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। रेडक्रॉस प्रभारी लता भोई ने शिविर दिनचर्या एवं बौद्धिक परिचर्चा के विषय में स्वयं सेवक को जानकारी दी। अतिथि व्याख्याता राखी यदु ने एनसीसी एवं एन एस एस को व्यक्तित्व निर्माण के दो आधार स्तंभ बताया। डॉ सुनीता साकेत ने एनएसएस लक्ष्य गीत 'उठें समाज के लिए उठें' का भावार्थ की व्याख्या की। श्रीमती दीक्षा गजेन्द्र ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम एनएसएस विशेष शिविर में सहायक कार्यक्रम अधिकारी के में अपने दायित्वों के अनुभव स्वयं सेवकों से साझा किया। महेश प्रधान ने एनएसएस के प्रेरक उद्बोधन का वाचन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयं सेवक खूबचंद पटेल ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष शिविर एवं राष्ट्रीय साहसिक शिविर मनाली में अपनी सहभागिता संबंधित अनुभव साझा किए।

# स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के विषय में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के डॉ. शीला शर्मा (प्रांत सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़), दिग्विजय भाकरे (प्रांत कार्यालय प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़), नीरज शर्मा (रायपुर महानगर संघर्ष वाहिनी प्रमुख), हुकुमचंद शर्मा (जिला संयोजक महासमुंद), संध्या शर्मा (स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता), डॉ. श्याम शर्मा (चिकित्सक एवं समाजसेवी स्वदेशी के कार्यकर्ता), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग एवं विदेशी उत्पादन का बहिष्कार के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दिया एवं उनके महत्व को बताया गया। स्वदेशी वस्तुओं को हमें उपयोग हर रूप में करना चाहिए एवं विदेशी वस्तुओं का उपयोग बंद करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वदेशी अपनाओ का आह्वान किया था। यह केवल एक नारा नहीं है, अपितु हमारी ताकत बढ़ाने का एक प्रभावशाली तरीका भी है। यदि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग प्रारंभ करते हैं तो हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वदेशी को हम केवल वस्तुओं के उपयोग तक ही सीमित न रखें। हमें संपूर्ण जीवन पद्धति के रूप में उसका उपयोग करना चाहिए। यह देश को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण हथियार है। इस कार्यक्रम का संचालन स्वदेशी मंच के जिला संयोजक महासमुंद हुकुमचंद शर्मा द्वारा किया गया। स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा विद्यालय के कक्षा नवम से द्वादश तक के भैया-बहनों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं उसके महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



### स्वावलंबी बने स्वदेशी अपनाएं

सभी भैया बहनों को स्वदेशीय वस्तुओं की सूची वाली पत्रक दिया गया, जिससे दैनिक दिनचर्या की स्वदेशी वस्तुओं की जानकारी सभी भैया बहनों को हो सके। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा द्वारा दिया गया

# महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ बनाने हुआ विशेष कार्यक्रम

**सरायपाली।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएचसी सरायपाली के स्टाफ द्वारा महिलाओं को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की कड़ी में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और बैलून प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़ में पार्वती ध्रुव तथा बैलून प्रतियोगिता में



नोनी बाई साहू विजेता रहीं। विजेता महिलाओं को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताया और कहा कि ऐसे आयोजन से उन्हें स्वास्थ्य व आत्मविश्वास दोनों की मजबूती मिलती है।

## खबर संक्षेप

### मोर मयारू संगी की प्रस्तुति 2 को

**कोमाखान।** आगामी 2 अक्टूबर को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी मनाया जाएगा। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति कोमाखान द्वारा क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम रखा गया है। उक्त समिति के सदस्यों ने बताया कि उक्त अवसर पर बस स्टैंड स्थित साप्ताहिक बाजार स्थल पर "मोर मयारू संगी" ग्राम टेडेसरा (राजनांदगांव) की प्रस्तुति रहेगी। कार्यक्रम में 50 महिला, पुरूष कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### जिला अस्पताल में बाढ़ आपदा प्रशिक्षण आज

**महासमुंद।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रशिक्षण 25 सितंबर को ग्राम अछोला समोदा बैराज एवं जिला अस्पताल में किया जाएगा। उक्त आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी जिले के लिए इंसिडेंट कमांडर होंगे। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग के लिए एवं सभी तहसीलदार तहसील के लिए इंसिडेंट कमांडर होंगे। 25 सितंबर को माकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में बाढ़ के समय किए जाने वालो कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अपने विभाग अमले को नामजद कार्य सौपेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को विभाग के दायित्वों एवं सुविधाओं के साथ मॉकड्रिल में शामिल होने निर्देशित किया गया है।

# क्षेत्र में मूसलाधार बारिश, खेत डूबे, नाले-नदियां उफान पर

**पिथौरा।** मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने पिथौरा और आसपास का इलाका पानी-पानी हो गया है। लगातार हो रही वर्षा के चलते खेत पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। वहीं छोटे नाले और नदियाँ उफान पर आ गई हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से जोक नंदी, मुरैयधोवा और बाघ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई जगहों पर खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो गईं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का अंदेशा है। यदि बारिश का यही सिलसिला जारी रहा तो धान सहित अन्य खरीफ फसलों को व्यापक क्षति पहुँच सकती है। बुधवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने पहले ही जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। मौसम विभाग के अनुसार, जिलेभर में बसना के बाद सबसे अधिक वर्षा पिथौरा विकासखंड में दर्ज की गई है। यहां 93.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। लगातार हुई झमाझम बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया है और आवागमन भी प्रभावित हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब और कुएं लबालब हो चुके हैं।

# क्षेत्र में तीन दिनों से तेज गरज चमक के साथ हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में बुधवार से हो रही बारिश से खेत खलिहान व तालाब, नदी-नाले लबालब हो गए। वहीं जोंक नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इस बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। लोग घरों में दुबके रहे। इधर, क्वांर माह के कृष्ण पक्ष में तेज धूप उमस भरी गर्मी पड़ने से लोगों की सेहत बिगड़ने लगी थी, सर्दी खांसी, बुखार से प्रभावित थे। इस प्रकार



क्वांर माह के दूसरे पखवाड़े नवरात्र के पहले दिनो से क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश की दौर शुरू हुआ। इससे गर्मी से राहत जरूर मिली है।

नवरात्र पर्व शुरू हुआ तब से बारिश हो रही है। इस क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि यही बारिश सावन और भादो में गिरते तो फसल खराब न होती। बारिश के अभाव के कारण कुछ फसल प्रभावित जरूर हुई है। यह बारिश कुछ फसल के लिए फायदेमंद तो कुछ फसल के लिए नुकसानदायक बताया जा रहा है।

## संरक्षण: असम के मानस टाइगर रिजर्व से वन भैंसों को बारनवापारा में लाया

# बारनवापारा अभयारण्य में बढ़ रही वन भैंसों की संख्या, पहले थी 6, अब 10

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वन भैंसा अब बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में सुरक्षित और अनुकूल वातावरण पा रहा है। यहां वन भैंसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले जहां इनकी संख्या 6 थी, वहीं अब यह बढ़कर 10 हो गई है।

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि राज्य में वन भैंसा संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से वर्ष 2017 में राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। इसके अंतर्गत असम के मानस टाइगर रिजर्व से वन भैंसों को लाकर बारनवापारा अभयारण्य





में बसाने की अनुमति भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त हुई थी। इस पहल के तहत वर्ष 2020 में 1 नर और 1 मादा वन भैंसा तथा वर्ष 2023 में 4 मादा वन भैंसों को असम से लाकर बारनवापारा अभयारण्य के कोठारी परिक्षेत्र में बनाए गए 10 हेक्टेयर के विशेष बाड़े में रखा गया। धम्मशील ने बताया कि संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र खैरछापर में वर्ष 2024 में मादा वन भैंसा ₹मानसी₹ ने एक नर शावक को जन्म दिया, वहीं दूसरी मादा ने एक मादा शावक को जन्म दिया था।

### यहां अनुकूल वातावरण

इसी क्रम में वर्ष 2025 में 2 मादा और 1 नर शावक का जन्म हुआ। इनमें से एक मादा शावक की आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिसका पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा विधिवत परीक्षण किया गया। वर्तमान में बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में कुल 10 वन भैंसें मौजूद हैं। संख्या में यह वृद्धि दर्शाती है कि यह क्षेत्र राजकीय पशु वन भैंसों के संरक्षण और वृद्धि के लिए अत्यंत अनुकूल है।

# महतारी वंदन की राशि की वसूली बिजली बिल से कर रही सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना की छूट सीमा घटाकर एक तरह से इस जनहित के महत्वपूर्ण योजना को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इससे जिले सहित पूरे प्रदेश के ऐसे लाखों हितग्राही जो पूर्ववर्ती भूपेश शासनकाल के समय बने इस महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित हो रहे थे, वे आज भाजपा की साय सरकार को कोस रहे हैं। चंद्राकर ने कहा है कि भाजपा सरकार महतारी वंदन की राशि की वसूली बिजली बिल से कर रही है।



चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार अपनी जिम्मेदारियों से आंखें मूंद रही है। पहले ही महंगाई से जूझ रहे लोगों पर अब बिजली के भारी-भरकम बिलों का बोझ पड़ रहा है। बिजली बिल हाफ योजना की छूट सीमा घटाने एक तरह से यह योजना के बंद होने के बाद उपभोक्ताओं के बिलों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। कई उपभोक्ताओं के बिल 3 से 4 गुना तक बढ़ गए हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। आम जनता अब महंगाई के साथ-साथ महंगे बिजली बिलों की मार भी झेलने को मजबूर है। बिजली बिल के कारण आम जनता की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से बिगड़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है, जहां जल, जंगल और जमीन जैसे संसाधनों की भरमार है। यहां कोयले से बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन होता है, लेकिन उसका लाभ केवल उद्योगपतियों तक ही सीमित है। प्रदेश के मूल निवासियों को अगर बिजली मिल रही है तो भी भारी दरों पर, जबकि उन्हें न्यूनतम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जानी चाहिए। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार स्थानीय जनता के हक का दोहन कर रही है। प्रदेश के संसाधनों पर उद्योगपतियों का कब्जा है और आम जनता को महंगे बिजली बिल थमा दिए गए हैं। यह सीधा जनता पर बोझ है। सरकार का फोकस केवल बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाना रह गया है।

# सावित्रीपुर संकुल के तीन आचार्यों को मिला शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

स्थानीय विकासखंड पिथौरा में आयोजित भव्य शिक्षक सम्मान समारोह में सावित्रीपुर संकुल परिवार के तीन आचार्य बीडी साहू, प्रवीण साहू और हेमराज यादव को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में निरंतर प्रयासों के लिए शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद, अध्यक्षता संपत अग्रवाल, विधायक बसना और विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा धृतलहरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे विद्यार्थियों के जीवन में संस्कार, चरित्र और आत्मविश्वास का संचार करने वाले मार्गदर्शक होते हैं। बीडी साहू ने शिक्षा को रोचक और सरल बनाने के लिए नवाचार किए। प्रवीण साहू सर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं और विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। और हेमराज यादव सर ने अपने स्नेहिल मार्गदर्शन एवं अनुशासन से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का निर्माण किया। यह सम्मान न केवल इन आचार्यों की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि सावित्रीपुर संकुल परिवार के लिए गर्व और गौरव का क्षण भी है।

# पतेरापाली (स) में हुई रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतेरापाली (स) में विगत दिनों रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को उद्घाटन सत्र छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत पतेरा पाली (स) के सरपंच डेविड नायक ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच आनंद रात्रे, पंच हेम किशन पांड़े एवं पंच अर्जुन पांड़े उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुई। तत्पश्चात महासमुंद जिले सहित ओडिशा के विभिन्न जिलों से पहुंचे कबड्डी दलों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर



विधायक यादव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पतेरा पाली (स) में भाव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन यह दर्शाता है कि हमारी परंपराएं, संस्कृति और खेल भावना आज भी जीवंत हैं। कबड्डी केवल खेल नहीं बल्कि यह भाईचारे और अनुशासन का संदेश देने वाला आयोजन है। ओडिशा से आए दलों की सहभागिता इस प्रतियोगिता को विशेष बनाती है। उन्होंने आयोजन समिति, सरपंच, उपसरपंच और पंचों की सराहना करते हुए कहा कि इतने बड़े स्तर पर प्रतियोगिता का सफल आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है।

विधायक यादव ने खिलाड़ियों को जीत-हार से ऊपर उठकर खेल की भावना के साथ खेलने और गांव-समाज का नाम रोशन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप ठाकुर, नवनीत नाग, तुलसीराम ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, दुष्यंत पांड़े सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, महासमुंद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कबड्डी दल, दर्शकगण और माताएं-बहनें उपस्थित रही।



# बेलसोंडा स्कूल में 62 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में शासन के महत्वकांछी योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9 वीं के 62 छात्राओं को स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. वाणी तिवारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।

# चंडी मंदिर में 2121 ज्योत प्रज्ज्वलित

## चंडी मंदिर में माता दर्शन व मेला का आनन्द लेने पहुंच रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

चंडी मंदिर में शारदीय नवरात्र पर आस्था और भक्ति का उत्साह चल रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठानों और विविध कार्यक्रमों के बीच भक्तों ने 2121 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कर माता रानी से मंगलकामनाएं मांगीं है। श्रद्धा एवम आस्था का नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मां चंडी मंदिर दरबार में दूर दूर से लोग दर्शन करने पहुंच रहे है। मान्यता है कि प्रचीन काल में जो मां चंडी के दरबार में जो भी आया मां उसके सारे कष्ट हर लेती है। यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। इस विश्वास भाव के प्रतिफल ही कोने-कोने से श्रद्धालु यहां आते हैं और माता का दर्शन-पूजन कर अलौकिक सुख-शांति प्राप्त करते हैं। यहां की मां चंडी अद्वितीय सुंदरी है, नवरात्र में हर रात मां के चेहरे का भाव परिवर्तन होता रहता है। कभी प्रचंड तेजस्विनी दिखती हैं, तो कभी सौम्य ममतामयी, परन्तु हर रूप में वह मनोहारिणी हैं। मां चंडी की कीर्ति मनोकामना पूर्ण करने वाली देवी के रूप में है। सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ते हैं। शाम को और रात्रि में भीड़ रहती है। हर रोज धर्मिक



आयोजन पर क्षेत्र के लोगों की धर्मिक आस्था अलग ही दिखाई देती है। यहां प्रत्येक दिन दोपहर से रात्रिकालीन तक सेवा जसगीत, भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है, जिससे आसपास के लोग धर्मिक आस्था में अपना उत्सव बढ़ा रहे है। मेले में लोग घूम कर आनंद उठा रहे हैं।

# श्यामकुमार दूसरी बार बने कौड़िया परिक्षेत्र एक के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

साहू समाज कौड़िया परिक्षेत्र क्रमांक एक पिथौरा का त्रैवार्षिक आम चुनाव हुआ। श्याम कुमार साहू दूसरी बार विजयी होकर कौड़िया परिक्षेत्र क्रमांक एक के पुनः अध्यक्ष बने। वहीं उपाध्यक्षद्वय प्रीतम कुमार साहू, सरला साहू, संगठन सचिव द्वय विजय शंकर साहू, गायत्री साहू निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीराम साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी गुणित राम साहू, रामकिशन साहू ने विधिवत चुनाव सम्पन्न करवाये। सभी विजयी पदाधिकारियों को धरमदास साहू जिला अध्यक्ष, नोहरदास साहू जिला महामंत्री, मनोहर साहू तहसील अध्यक्ष, गंगाप्रसाद साहू संरक्षक, विनोद शंकर साहू संरक्षक, मंगतूराम साहू समाज रत्न, नंदनी साहू जिला उपाध्यक्ष, मोतीराम साहू जिला कोषाध्यक्ष, डिगम लाल साहू



कार्यकारी अध्यक्ष तहसील, डोलामणी साहू जिला संयोजक कला व संस्कृति प्रकोष्ठ, रमेश साहू अध्यक्ष कौड़िया -2, प्रेमलाल साहू अध्यक्ष झलप, संतराम साहू, रेखराज साहू, ललित कुमार, संतोष कुमार साहू, लेखराम साहू, शिवराम साहू, गौतम साहू, कौशल किशोर साहू, डेकेश्वर प्रसाद साहू, नेहरू साहू, कांशीराम साहू, जुगल किशोर साहू, रूपचंद साहू, चंद्रिका साहू उपाध्यक्ष तहसील, प्रतिभा साहू,कंचन साहू, जानकी साहू, फलेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, कुन्ती साहू, गायत्री साहू, नीरा साहू, तपस्या साहू, कुमारी साहू, नेहरू साहू, राधेश्याम साहू, चंद्रशेखर साहू, अक्तिराम साहू, मूलचंद साहू, महावीर साहू, तिजऊराम साहू, राधेश्याम साहू, नगर अध्यक्ष व ग्रामीण अध्यक्षगण दिनेश कुमार साहू, परशु राम साहू, रामनाथ साहू, दशरथ साहू, प्रकाश साहू, गोपाल साहू, गणेशसाहू, रामप्रकाश साहू, बंशीलालसाहू, सुंदर साहू, केजूराम साहू, सियाराम साहू,सुखसिंग साहू, बाबूलाल साहू, भागीरथी साहू, विश्राम साहू, अलखराम साहू, पुरनकुमार, ठाकुर राम, रामनाथ, उत्तम, रामसिंग, सुखदेव, पुरानिक, राकेश, रामलाल, मिलन, ब्रम्हा, तुलेश, मोतीराम, रन्नूलाल, भागवत, सरोज, युगराज, तुलाराम, तीरथ साहू, हेमप्रकाश, लोक प्रकाश, ईश्वर, मुरलीधर, भूषण, रोहित, लखन, श्याम लाल साहू एवं परिक्षेत्र के सभी समाजिकजनों ने हर्ष जताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामकुमार साहू ने सभी के सहयोग व स्नेह के लिए आभार जताते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए हम सब साथ मिलकर कार्य करेंगे। उक्त जानकारी मूलचंद साहू ने दी।

# दर्रीपाली में स्वामित्व पट्टा वितरण एवं जगदीशपुर में राजस्व शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत महासमुंद विकासखंड अंतर्गत धरती आबा चिन्हित ग्राम दर्रीपाली में मंगलवार को स्वामित्व पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को उनके मकान और भूमि पर स्वामित्व प्रमाणित करने वाले पट्टे वितरित किए गए। इससे ग्रामीण परिवारों को अपने मकान, आवासीय भूमि पर वैधानिक अधिकार प्राप्त हुआ, जिससे वे भविष्य में बैंक से ऋण, सरकारी योजनाओं का लाभ एवं अन्य कानूनी अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना एवं राज्य शासन की मंशा के अनुरूप पात्र ग्रामीणों को स्वामित्व प्रमाणपत्र दिए जा रहे हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भूमि संबंधी विवादों के समाधान, नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य राजस्व सेवाओं की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। इसी क्रम में सेवा पखवाड़ा सेवा केंद्र जगदीशपुर में राजस्व विभाग द्वारा जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने केंद्र पहुंचकर अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए आवेदन दिए। अधिकारियों ने बताया कि शिविर में प्राप्त अधिकांश प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा किया गया और शेष आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाना, आमजन को तत्काल लाभ दिलाना और प्रशासन को संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाना है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व अमला, ग्राम सचिव, पटवारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। राजस्व अधिकारियों ने लोगों को ऑनलाइन पोर्टल एवं सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई, जिससे वे आगे भी आसानी से सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकें।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दुर्गा पंडाल में रंगोली स्पर्धा, खुशी रहीं प्रथम

**महासमुंद।** जय बजरंग मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति गुडरूपारा बजरंग चौक द्वारा मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें रंगोली प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। जिसमें प्रथम स्थान खुशी कन्नौजे, द्वितीय निधि साहू, तृतीय मधु तारक रहे। कार्यक्रम में समिति के शिशिकांत बजाज, सूरज साहू, कमलेश कन्नौजे, धर्मेंद्र कन्नौजे, खेगेंद्र यादव, युवराज सोनी, यशवंत यादव, गोलू साहू, दयाशंकर कन्नौजे, देवा यादव, आशु यादव, शुभम साहू बिसाहू कन्नौजे, कोमल ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र के अवसर पर संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में 25 सिंतबर गुरुवार को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रीतम चौधरी, विशेष अतिथि दुबेलाल साहू किसान मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष, नितिन जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, रविंद्र राज सिंह ठाकुर, डा अरुण शुक्ला होंगे।

### लाफिनकला में ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ दुर्गा प्रतिमाएं विराजित

**महासमुंद।** इस वर्ष ग्राम लाफिनकला के मां महामाया मंदिर में 27 मनोकामना ज्योति एवं शांति चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भी 10 ज्योति प्रज्वलित की गई है। वहीं ग्राम के चार अंकोलिया बाबा चौक, आजाद चौक, भाठापारा, एकता चौक में दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। भक्तजन प्रतिदिन मां की जस व भजन गाकर सेवा डटे हुए हैं।



### खरोरा में कौशिक की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम लाल कौशिक की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, शशि चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि पुरूषोत्तम लाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ राज्य के वरिष्ठ समाजवादी चिंतक और किसानों तथा मजदूरों के हितैषी एक वरिष्ठ नेता थे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब और किसानों की बेहतरी के लिए आजीवन काम किया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में भी उनका एक महत्वपूर्ण योगदान था। लता चंद्राकर ने कहा कौशिक ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहते थे।

# भारतीय बास्केटबॉल की विजेता टीम शामिल दिव्या का हुआ सम्मान

## एशिया कप 2025 में भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक, महासमुंद की खिलाड़ी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की बिटिया दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल रहीं। भारतीय टीम में विहा रेड्डी, नेथरा, रेवा अमित कुलकर्णी, वैष्णवी प्रशांत परदेशी, महक शर्मा ने शानदार खेल जारी रखा और बेहतर प्रदर्शन कर टीम ने लगातार मैच जीताकर फाइनल तक पहुंचाया। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम के विजेता बनने पर प्रदेश व जिले में खुशी की लहर देखी गई।

इंडिया टीम ने पहले मैच में ईरान को 70-67 अंकों से हराया, इंडिया ने उज्बेकिस्तान को 81-69 से हराया, इंडिया ने समोआ को 71-54 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में इंडिया ने इंडोनेशिया को 65-53 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एशिया कप फाइनल मैच में इंडिया ने ईरान के साथ मैच खेला। जिसमें पहले क्वार्टर में इंडिया ने 17 एवं ईरान ने 13 अंक बनाए। दूसरे क्वार्टर में इंडिया एवं ईरान दोनों ने 32-32 अंकों के साथ बराबरी पर रही, तीसरे क्वार्टर में इंडिया टीम ने 52- 42 अंकों के साथ बढ़त बनाई। अंतिम क्वार्टर में ईरान पिछड़ने के बाद बराबरी करने में सफल रहीं एवं कड़ा मुकाबले देखने को मिला। अंतिम समय में भारतीय टीम ने बढ़त बनाई एवं 1 अंक से जीत दर्ज किया। अंतिम समय में स्कोर 67-66 रहा। भारतीय टीम एशिया कप 2025 की विजेता बनीं। भारतीय टीम ने लगातार सभी मैच जीतकर इतिहास रचा। 2017 के बाद भारतीय टीम ने डिवीजन बी से प्रमोट होकर डिवीजन ए में आने में सफल रहीं।



भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी, कर्नाटका से श्रवानी शिवन्ना, महक शर्मा एवं अदिति, तेलंगाना से विहा रेड्डी एवं नेथरा, केरल से एदिना मरियम जॉनसन, तमिलनाडु से एंजलीना अरुण जॉर्ज एवं सुमिथरा देवी कालीमुथु, महाराष्ट्र से रेवा कुलकर्णी एवं वैष्णवी प्रशांत परदेशी, गुजरात से दिनल वित्थानी शामिल रही। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन कर लगातार 05 मैच जीता। एशियन चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीतकर विजयी रहीं। भारतीय टीम के एशियन चैंपियनशिप मलेशिया में विजेता बनने एवं इतिहास रचने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष राजीव जैन, चेयरमैन विजय अग्रवाल, नरेश डाकलिया, राजीव चौबे, राजेश गौर, भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक अनिथा पॉलदुरई, सहायक प्रशिक्षक रोहित एवं उमाकांत, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद निखिलकांत साहू, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, बादल मक्कड़, पंकज चंद्राकर, संतोष सोनी, किरण महाडीक, अभिषेक अंबिलकर, राहुल रंजन, कुलेश्वर चंद्राकर, पिता विनोद रंगारी, माता सपना रंगारी, योजना रंगारी, सुभाष मंडल खेल संघों एवं सभी खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## आयोजन : पंजा कुश्ती एवं ओपन दंगल प्रतियोगिता हुई

# बागबाहरा के पहलवानों का रहा दबदबा, किया गया पुरस्कृत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा टाउन हॉल में 21 सितंबर को जिला कुश्ती संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती एवं पहली बार आयोजित महासमुंद जिला स्तरीय ओपन दंगल फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में बागबाहरा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत दो नन्हें पहलवानों निलेश सेन एवं मुकेश साहू के रोमांचक मुकाबले से हुई। इस राज्य स्तरीय महाकुश्ती में रायपुर, दुर्ग, कोरबा, भिलाई, गरियाबंद, सरायपाली, रायगढ़ सहित विभिन्न शहरों और गांवों से लगभग 70 पहलवानों ने हिस्सा लिया। जिला स्तरीय ओपन दंगल में वीरकांत सेन (बागबाहरा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर महासमुंद जिला भीम 2025 का खिताब अपने नाम किया। वहीं घनश्याम प्रधान (सरायपाली) द्वितीय एवं सत्यानंद (सरायपाली) तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र चंद्राकर (पूर्व राज्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ) उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में भूपेंद्र ठाकुर (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी), मनोहर ठाकुर (अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज) एवं नगर पालिका के समस्त पार्षदगण शामिल हुए। मध्यकाल में भीखम सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष जिला पंचायत), अशोक चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर एवं कुसुम चौहान ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद) एवं अध्यक्षता मोनिका साहू (पूर्व जिला पंचायत सभापति) ने की। विशिष्ट अतिथियों में स्मिता हितेश चंद्राकर (पूर्व जनपद अध्यक्ष), डिंपल ध्रुव (भाजपा मंडल अध्यक्ष), किशोर सिन्हा (समाजसेवी) तथा गोविंदा चंद्राकर (गोविंदा कोचिंग क्लासेस) ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विकास अग्रवाल, अनुराग द्विवेदी धनराज साहू, शंकर नायक, सोमेश बघेल, क्षतिपति साहू, हिरेंद्र देवांगन, निर्मल धीवर, पवन सिन्हा, देवेंद्र साहू, बसंत मांझी, राजेश बगानी एवं लकी प्रधान का विशेष सहयोग रहा। इस भव्य आयोजन की जानकारी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत सेन ने दी। बागबाहरा के पहलवानों की इस ऐतिहासिक जीत ने नगरवासियों को गर्व से भर दिया है।

### यह रहे पंजा कुश्ती के परिणाम

52 किलो वर्गः प्रथम गौतम नायडू (रायपुर), द्वितीय ऋषि प्रधान (गरियाबंद), तृतीय युवराज राजपूत (बागबाहरा)। 63 किलो वर्गः प्रथम योगेश साहू (भिलाई), द्वितीय अथर्व देवांगन (कोरबा), तृतीय घनश्याम भोई (सरायपाली)। 70 किलो वर्गः प्रथम प्रभात बघेल (बागबाहरा), द्वितीय देव तिवारी (बिलासपुर), तृतीय अज्जू चंद्राकर (बागबाहरा)। 78 किलो वर्गः प्रथम लकी प्रधान (बागबाहरा), द्वितीय प्रेम सिका (बागबाहरा), तृतीय परिमल शर्मा (बागबाहरा)। पंजा कुश्ती में बागबाहरा के लकी प्रधान ने शानदार जीत दर्ज कर ओवरऑल चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता।

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में ठाकरीपाली ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा




आदर्श ग्राम बकमा में मां डोंगर वाली समिति द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव अन्य कार्यक्रम में होने के कारण उनका प्रतिनिधित्व करते हुए विधायक प्रतिनिधि आबकारी विभाग शहज़ान पाशा ने कार्यक्रम में शिरकत की। उनके साथ मंच पर बकमा ग्राम पंचायत के सरपंच लिलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच और कांग्रेस नेता शेख गुलाम सरवर, उपसरपंच कमल साहू, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष खोमेश साहू, हरक राम साहू, पूर्व सरपंच वीणा मिलन साहू, रिखीराम पटेल, मिलन साहू, वसीम राजा, सुफल साहू, डिगेश बाग, हाशिम राजा, भवानी साहू, संजू साहू और पुनीत राम साहू उपस्थित रहे।

पाशा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर बधाई संदेश दिया और खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बकमावासियों से द्वारिकाधीश यादव को दोबारा विधायक निर्वाचित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला ग्राम ठाकरीपाली और ग्राम खुसरुपाली के बीच खेला गया। जिसमें खुसरुपाली को पराजित करते हुए ठाकरीपाली ने प्रथम पुरस्कार राशि 10,000 रुपए और शील्ड पर कब्ज़ा जमाया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तेजराम, राजेंद्र, दानवीर साहू, भूपेंद्र जगत, दीपक, थम सिंह, महेंद्र, राहुल, सुरेश, तेज शेखर, जावेद खान, खिलेश, नरोत्तम, सुमन, मनीराम, देव नायक एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवसः जिले में रन फॉर आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा भगवान धनवंतरी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयुर्वेद दिवस पर दिए गए संदेश का वाचन किया। विधायक सिन्हा ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ हम आयुर्वेद को भी अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि यह हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम में मिलेट्स, औषधीय द्रव्य एवं पौधों की प्रदर्शनी का अवलोकन जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने किया। साथ ही अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राजू चंद्राकर, संदीप वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। साथ ही रन फार आयुर्वेदा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल एवं कलेक्टर विनय लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौड़ में लगभग 500 धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, इनमें डॉ. एकता लंगेह सहित वृद्धजन, दिव्यांगजन, वन विभाग के प्रशिक्षु, नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं एवं शहर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहे। दौड़ का समापन कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति गजभिये ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी सहित विभिन्न पद्धतियों के विशेषज्ञों ने निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण की सेवाएं प्रदान कीं। विशेष शिविरों में हृदय रोग एवं उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य, महिलाओं में एनीमिया, हड्डी एवं संधि रोग तथा त्वचा एवं एलर्जी संबंधी परामर्श दिया गया तथा आयुष आधारित स्वास्थ्य शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मैराथन से पूर्व 738 प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक क्वाथ वितरित किया गया। कुल 532 लोग स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हुए, जिनमें 447 आयुर्वेद, 51 होम्योपैथी एवं 34 यूनानी पद्धति से लाभान्वित हुए।

## कलेक्टर ने सभी गतिविधियों का सफल आयोजन के दिए निर्देश

# जिले में 308 ग्रामों में विविध गतिविधियां हो रही संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रारंभ किए गए विशेष आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में चयनित धरती आबा योजना के 308 ग्रामों में व्यापक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि अभियान की महत्ता को ध्यान में रखते हुए सभी गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति, परिवार और समुदाय केंद्रित विकास के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण है। विलेज एक्शन प्लान को वर्ष 2030 के ग्राम विकास दृष्टि को आधार बनाकर तैयार करने पर बल दिया।

आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम स्तर पर आदि साथी, आदि सहयोगी और आदि कर्मयोगियों की टीम सक्रिय रूप से कार्ययोजना बना रही है। जिले के 6 मास्टर ट्रेनरों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित कर प्रत्येक विकासखंड में 10-10 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया है। इन्हीं मास्टर ट्रेनरों द्वारा ग्राम स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम कराए गए, जिसमें ग्राम के युवा, जनजातीय मुखिया, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। लगभग 20 सदस्यीय



ग्राम टीम अब स्वयं अपने गांव के विकास हेतु विलेज एक्शन प्लान तैयार कर रही है। यह योजनाएं आगामी 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं में अनुमोदित की जाएंगी, जिसके पश्चात इन्हें केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ाया जाएगा। सेवा पर्व का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सेवा पर्व भी मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभाग सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। 17 सितंबर को सभी 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया।

यह केंद्र समस्याओं के समाधान हेतु एकल खिड़की प्रणाली के रूप में कार्य करेगा और प्रति सप्ताह 2 घंटे संचालित होगा। 18 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित, जिसमें सिकल सेल, एनीमिया जांच, टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसी तरह 19 सितंबर को वन, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण तथा खाद्य, सहकारिता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों द्वारा राशन कार्ड, उज्ज्वला कार्ड, पेंशन, मनरेगा कार्य, महिला स्वसहायता समूह उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री तथा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम 2 अक्टूबर को सेवा पर्व का समापन स्वच्छता अभियान, जल स्त्रोतों की सफाई, जनभागीदारी से सोख्ता निर्माण और आदि शपथ कार्यक्रम से होगा।

# खैराभाठा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 21 सितंबर को स्वच्छता अभियान बूथ अध्यक्ष अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में खैराभाठा में किया गया। वार्ड पंच शिलोचना भेखलाल साहू, रोमांतक गिरी गोस्वामी, देवनाथ पटेल, दुलारी तारक, उमा बघेल, बुधयारिन साहू, साक्षी तिवारी एवं प्रतीक्षा तिवारी के साथ लोचन कंडरा का विशेष योगदान रहा है।













